epaper हिन्दुस्तान

# एमएसएमई उत्पादों में सिडबी की मदद

10/03/2022

**लखनऊ।** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) व पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री यूपी चैप्टर ने बुधवार को स्टार्टअप के लिए आईपीआर के महत्व पर एक वर्चुअल सेमिनार आयोजित किया। सिडबी के उप महाप्रबंधक श्रीकांत दास ने कहा कि सिडबी एमएसएमई को अपनी प्रौद्योगिकियों और नवीन उत्पादों को विकसित करने, बाजार, विकास और व्यावसायीकरण के लिए आवश्यक धन प्राप्त करने में मदद करता है।

बैंक कई योजनाएं प्रदान करता है और व्यवसायों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए वित्तीय सेवाएं और उत्पाद भी प्रदान करता है। व्यवसाय के लिए एक अनूठा उत्पाद बनाना या नवीन विचारों को वास्तविकता में लाना एमएसएमई के लिए एक अमूल्य संपत्ति साबित हो सकता है।